बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे | by Mahi Porwal

बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे ओ सांवरे
बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे दिल में तुम्हारी तस्वीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई
मेरे हारे के सहारे लगा नैया को किनारे
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारें

हो रही हैं बेचैनियां कैसे हम और तुम में
छ गई हैं खामोशियाँ है अजब से सिलसिले
मेरी नैया की थामो पतवार सांवरे हाथों में है नाम की लकीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई
मेरे हारे के सहारे लगा नैया को किनारे
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारें

नज़रें मिली तो चढ़ गया तेरी नज़रों का नशा
हार गई तन मन वहीँ कोई भी ना तेरे नाम सा
तूने कैसा दिया है उपहार सांवरे तेरे ही लिए मैं फ़कीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई
मेरे हारे के सहारे लगा नैया को किनारे
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारें

साथी बनके जबसे मुझे हो तुम मिल गए
बगिया में जैसे गुल खिल गए
तू ही माहि तू ही तो दिलदार सांवरे तेरा वैभव मेरी जागीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई
मेरे हारे के सहारे लगा नैया को किनारे
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारें

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%83%e0%a4%82/